# गोपनीयता और सुरक्षा

हम अक्सर ऑनलाइन अपनी व्यक्तिगत जानकारी, जैसे नाम, स्थान, और पासवर्ड साझा करते हैं, लेकिन अगर हम सावधान न रहें, तो यह जानकारी दूसरों के हाथों में पहुँच सकती है। ऑनलाइन गोपनीयता का मतलब है कि हम खुद तय करें कि कौन हमारी जानकारी देख सकता है, जबकि सुरक्षा का मतलब है इसे हैकर्स और दुरुपयोग से बचाना।[1] जैसे हम अपने घर के दरवाज़े पर ताला लगाते हैं, वैसे ही ऑनलाइन गोपनीयता और सुरक्षा के उपाय हमारी डिजिटल जिंदगी को सुरक्षित रखने में मदद करते हैं।


**सृष्टि की रोज़मर्रा की आदतें, जो नीचे दी गई हैं, उसे सुरक्षित रखती हैं। इनमें से कौन सी आदतें सुरक्षा उपाय हैं, कौन सी गोपनीयता उपाय हैं, और कौन सी दोनों?**

सार्वजनिक स्थानों पर व्यक्तिगत बातचीत न करना

अपनी भावनाओं की डायरी को छिपा कर रखना

एंटीवायरस सॉफ़्टवेयर का उपयोग करना

अज्ञात वाईफाई नेटवर्क का उपयोग न करना



अपने बैंक खाते के पिन को छिपाना

निजी अपडेट् के लिए एक अलग, सिर्फ दोस्तों वाला खाता बनाना

**आप एक नया ईमेल आईडी बना रहे हैं। क्या आप नीचे दिए गए निर्देशों को ध्यान में रखते हुए एक मज़बूत पासवर्ड बना सकते हैं?**

- अक्षरों के मिश्रण का उपयोग करें: बड़े (D,F,G) और छोटे (d,f,g) अक्षरों, नंबरों, और विशेष चिन्हों (जैसे @, #, $, !) का उपयोग करें। इससे हैकर्स के लिए पासवर्ड का अनुमान लगाना मुश्किल हो जाता है।
- लंबा बनाएं: कम से कम 8-12 अक्षरों का पासवर्ड बनाने का प्रयास करें। जितना लंबा पासवर्ड होगा, उतना ही सुरक्षित होगा।
- साधारण शब्दों और वाक्यों से बचें: "password", "123456" या अपने नाम जैसे आसान शब्दों का उपयोग न करें। अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे जन्मदिन या पालतू जानवर के नाम इस्तेमाल करने से बचें।
- अलग-अलग खातों के लिए अलग-अलग पासवर्ड लगाएं: एक ही पासवर्ड को कई साइट्स पर फिर से उपयोग न करें। अगर एक खाता हैक हो जाता है, तो दूसरे खातों को भी खतरा हो सकता है।

**पासवर्ड दर्ज करें**



1. UNESCO. (2022). Minding the data: Protecting learners' privacy and security. unesdoc.unesco.org.

# टू-फ़ैक्टर ऑथेंटिकेशन



टू-फ़ैक्टर ऑथेंटिकेशन आपके अकाउंट के लिए एक अतिरिक्त सुरक्षा लेयर है। कई पॉपुलर प्लेटफॉर्म इसके उपयोग की सिफारिश करते हैं। जब आप इसे अपने आकउंट में लागू करते हैं, तो लॉग इन करते वक्त अपने पासवर्ड के बाद भी वेरिफिकेशन की ज़रूरत होती है। आमतौर पर, यह एक कोड होता है जो आपके पर्सनल मोबाइल नंबर पर भेजा जाता है, जो एक वन-टाइम पासवर्ड (OTP) के रूप में काम करता है। इसका मतलब है कि यह सिर्फ कुछ मिनटों के लिए वैध होता है और इसका उपयोग सिर्फ एक बार किया जा सकता है। अगली बार जब आप लॉग इन करेंगे, तो एक नया पासवर्ड ज़रूरी होगा।

(I) आपको टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन क्यों लागू करना चाहिए? कृपया सही उत्तर चुनें।
i) यह हर हफ्ते आपका पासवर्ड अपने आप अपडेट कर देता है।
ii) यह सुरक्षा की एक और परत जोड़ता है, जिसमें आपका पासवर्ड और एक दूसरा वेरिफिकेशन का तरीका दोनों की आवश्यकता होती है।
iii) यह आपको फिर से लॉग इन करने की ज़रूरत नहीं पड़ने देता।

(II) टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन में वेरिफिकेशन के कुछ सामान्य तरीके क्या हैं? (सभी सही विकल्प चुनें।)
i) एक कोड जो आपके मोबाइल फोन पर मैसेज या ऐप के ज़रिए भेजा जाता है।
ii) एक फिंगरप्रिंट स्कैन
iii) आपके घर का पता
iv) एक ईमेल जो आपका पासवर्ड पूछता है



# प्लैटफ़ॉर्म्स पर गोपनीयता

वाह! अब आप जानते हैं कि अपने अकाउंट्स की सुरक्षा कैसे बढ़ाई जा सकती है। चलिए, अब उन विभिन्न विकल्पों के बारे में सीखते हैं जो आपकी गोपनीयता बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।



**क्या आप यह तय करना चाहते हैं कि आपका अकाउंट कौन देख सकता है?**

अकाउंट सेटिंग्स > गोपनीयता पर जाएं, जहां आपको अपना अकाउंट प्राइवेट बनाने या अपनी प्रोफाइल को लॉक करने का विकल्प मिल सकता हैं, यह इस पर निर्भर करता है कि आप कौन सा प्लेटफार्म इस्तेमाल कर रहे हैं!

**क्या आप चाहते हैं कि केवल कुछ ही लोग आपकी प्रोफ़ाइल की जानकारी देख सकें?**

सेटिंग्स > प्राइवेसी / ऑडियंस सेटिंग्स पर जाएं, ताकि आप यह चुन सकें कि आपकी प्रोफ़ाइल के कौन से हिस्से कौन देख सकता है - जैसे आपकी प्रोफ़ाइल फोटो और 'अबाउट' सेक्शन।

**क्या आप यह नियंत्रित करना चाहते हैं कि आपकी पोस्ट और स्टोरीज़ कौन देख सकता है?**

सेटिंग्स > प्राइवेसी / ऑडियंस सेटिंग्स / सटोरी और लाइव वीडियो छिपाएं पर जाएं, ताकि आप चुन सकें कि आपकी स्टोरीज़, पोस्ट और लाइवस्ट्रीम कौन देख सकता है।



**क्या आप यह नियंत्रित करना चाहते हैं कि आपको कहाँ टैग किया जा सकता है?**


सेटिंग्स > प्रोफ़ाइल और टैगिंग / टैग और मेंशन पर जाएं, ताकि आप तय कर सकें कि आपको पोस्ट में कौन टैग कर सकता है।

**क्या आप यह नियंत्रित करना चाहते हैं कि आपको कौन कॉल, मैसेज या संपर्क कर सकता है?**


सेटिंग्स में उस गोपनीयता नियंत्रण को देखें, जो यह तय करता है कि आपको मैसेज, कॉल या स्टोरी रिप्लाई के माध्यम से कौन संपर्क कर सकता है, ताकि आप हर प्रकार के संचार के लिए अपनी प्राथमिकताएँ सेट कर सकें।

# प्लेटफ़ॉर्म्स पर गोपनीयता

amazon future engineer



क्या आप अपनी गोपनीयता सेटिंग्स को और बेहतर बनाना चाहते हैं? इन एडवांस्ड विकल्पों का इस्तेमाल करें!



कमेंट्स में शब्दों को फ़िल्टर करना: यह आपको नकारात्मक या नफरत भरे कमेंट्स से दूर रहने में मदद करेगा!


निर्धारित करें कि लोग आपकी स्टोरीज़ को मैसेजेस में शेयर कर सकते हैं या नहीं: यह आपको अपनी सामग्री शेयर करने के बारे में सक्रिय रूप से नियम सेट करने में मदद करता है!

बातचीत को सीमित करना या प्रतिबंधित करना: अगर आपको कोई परेशान कर रहा है तो यह आपको कुछ देर के लिए कुछ लोगों से कमेंट्स, मैसेजेस, टैग्स और रिप्लाईज़ को सीमित करने की अनुमति देता है।

यह तय करना कि कौन देख सकता है कि आप ऑनलाइन हैं: यह आपको उन प्लेटफ़ॉर्म्स पर समय बिताने में मदद करता है जो आपको पसंद हैं, बिना दूसरों के जाने कि आप ऑनलाइन हैं।

रेड रिसीट्स: इनको ऑन या ऑफ करना आपको यह तय करने में मदद करता है कि क्या दूसरे लोग यह जान सकते हैं कि आपने उनका मैसेज खोला है या नहीं।

आपसे संपर्क करना और जुड़ना: यह आपको यह चुनने की अनुमति देता है कि कौन आपको ढूंढ सकता है और आपकी प्रोफ़ाइल तक पहुंच सकता है, या सोशल मीडिया पर आपसे जुड़ सकता है।



याद रखें, केवल आप ही अपनी डिजिटल सीमाएँ तय कर सकते हैं! इनमें से कौन सी गोपनीयता सेटिंग्स आपको ऑनलाइन सुरक्षित और स्वतंत्र महसूस करने में मदद करेंगी?

**Tip!**

गोपनीयता सेटिंग्स लगातार बदल रही हैं, क्योंकि विभिन्न प्लेटफ़ॉर्म चलाने वाले उनके उपयोगकर्ताओं को नए तरीके प्रदान करने की कोशिश कर रहे हैं। हर कुछ महीनों में अपने सभी खातों की गोपनीयता सेटिंग्स को जांचे, ताकि आप उपलब्ध नए टूल्स के बारे में जान सकें!

# गेमिंग में गोपनीयता

amazon future engineer

अब जब आप सोशल मीडिया पर गोपनीयता सेटिंग्स से परिचित हैं, तो आइए हम गेमिंग में गोपनीयता सेटिंग्स पर नज़र डालें! गोपनीयता फीचर को इसके उद्देश्य से मिलाएं!




| | |
|---|---|
| (I) खिलाड़ी को ब्लॉक करें | i) केवल आपके दोस्तों को ही गेम में निमंत्रण भेजने या आपको संदेश भेजने की अनुमति देता है। |
| (II) खिलाड़ी को म्यूट करें | ii) एक विशिष्ट खिलाड़ी को गेम में आपसे संपर्क करने या आपकी प्रोफ़ाइल देखने से रोकता है। |
| (III) प्राइवेट प्रोफाइल | iii) किसी खिलाड़ी को वॉइस या टेक्स्ट चैट के माध्यम से आपसे बात करने से रोकता है। |
| (IV) खिलाड़ी की रिपोर्ट करें | iv) गेम मॉडरेटर्स को किसी अन्य खिलाड़ी के अनुचित या हानिकारक व्यवहार के बारे में सूचित करता है। |
| (V) फ्रेंड्स-ओनली निमंत्रण | v) आपके प्रोफाइल, गतिविधियों और दोस्तों जैसी जानकारी को केवल चुनिंदा लोगों के लिए उपलब्ध कराता है। |

# उत्तर

## गोपनीयता और सुरक्षा

सार्वजनिक स्थानों पर व्यक्तिगत बातचीत न करना (गोपनीयता उपाय)


एंटीवायरस सॉफ़्टवेयर का उपयोग करना (सुरक्षा उपाय)

अपनी भावनाओं की डायरी को छिपा कर रखना (गोपनीयता उपाय)

अज्ञात वाईफाई नेटवर्क का उपयोग न करना (सुरक्षा उपाय)

अपने बैंक खाते के पिन को छिपाना (दोनों)

निजी अपडेट के लिए एक अलग, सिर्फ दोस्तों वाला खाता बनाना (दोनों)



## टू-फ़ैक्टर ऑथेंटिकेशन

(I) - ii) यह सुरक्षा की एक और परत जोड़ता है, जिसमें आपका पासवर्ड और एक दूसरा वेरिफिकेशन तरीका दोनों की आवश्यकता होती है।

(II) - i) एक कोड जो आपके मोबाइल फोन पर मैसेज या ऐप के ज़रिए भेजा जाता है।

ii) एक फिंगरप्रिंट स्कैन

iv) एक ईमेल जो आपका पासवर्ड पूछता है



## गेमिंग में गोपनीयता

(I) - ii)
(II) - iii)
(III) - v)
(IV) - iv)
(V) - i)

